सुप्रभात
बुधवार 11.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 144
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

# कापासारा में धंसी चाल, 25 से 30 लोगों के दबे होने की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग में अवैध खनन में फिर से एक बार बड़ी घटना घटी है। सुभाष कॉलोनी के समीप मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे तेज आवाज के साथ चाल धंस गयी, जिससे वहां अवैध रूप से कोयला काटने वाले लोगों में अफरा तफरी मच गयी। धंसान के मलबे में 25-30 लोगों की दबकर मौत की बात कही जा रही है। दस-बारह लोग घायल हुए हैं। कॉलोनी के आसपास के लोगों ने कहा कि दोपहर जोरदार आवाज के साथ जमीन धंस गयी। रोज 30-40 लोग कोयला काटने के लिए अवैध मुहाना में घुसते हैं।

मंगलवार को दोपहर लोग अवैध खनन के लिए खदान में गये थे। वे लोग अंदर में हैं या घटना से पहले बाहर निकल गये। पता नहीं चल पाया है। कहा कि आउटसोर्सिंग प्रबंधक एवं ईसीएल अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस तरह की घटना घट रही है। सुरक्षा का कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है। सुरक्षा के नाम पर प्रवेश निषेध का बोर्ड लगा तार से घेरा कर खानापूर्ति की गयी है। बता दें कि पांच सौ मीटर की दूरी पर हावड़ा-नई दिल्ली मुख्य रेल मार्ग है। अवैध खनन से रेल लाइन को भी खतरा है। कोलियरी प्रबंधन ने इस तरह की घटना से इंकार किया है।



### सिंडिकेट कराता है अवैध खनन

बताया जाता है कि सिंडिकेट द्वारा झारखंड के जामताड़ा एवं नारायण पुर तथा पश्चिम बंगाल के निघा, आसनसोल, पुरूलिया, बांकुड़ा सहित अन्य जगहों से मजदूरों को बुला अवैध खनन कराया जाता है। अवैध खनित कोयला आसपास के भट्ठों में जमा किया जाता है, जिसे ट्रक के माध्यम से फर्जी कागजात के जरिये बिहार, यूपी, बंगाल आदि राज्यों में भेज दिया जाता है। एक माह से चोरी छिपे कोयला का यह अवैध धंधा चल रहा था।

### पहले भी घट चुकी है ऐसी घटना

एक फरवरी 2022 को ईसीएल मुगमा एरिया के गोपीनाथ पुर, कापासारा एवं बीसीसीएल सीवी एरिया-12 के दहीबाड़ी कोलियरी में एक साथ अवैध खनन में चाल धंसी थी। गोपीनाथ पुर में ग्यारह लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। कापासारा में 10-12 लोगों की मलबे में दबे होने की आशंका जतायी गयी थी। बीसीसीएल के दहीबाड़ी कोलियरी में एक महिला की मौत की पुष्टि हुई थी। मृतका के पति ने ही यह दावा किया था कि उसकी पत्नी मलबे में दबी हुई है। इतनी बड़ी घटना के ढाई साल बाद ही दूसरी बड़ी घटना ने जिला प्रशासन की नींद हराम कर दी है।

### पुलिस अधिकारियों का दल पहुंचा

सूचना पाकर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, एग्यारकुण्ड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी एवं निरसा थाना प्रभारी मंजीत सिंह घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उन्हें घटना में किसी की मौत होने की जानकारी नहीं मिल सकी। हालांकि अवैध खनन एवं चाल धंसने की बात उन्होंने स्वीकार की।

## धनबाद पुलिस के जन शिकायत शिविर में समस्याओं का अंबार

### जमीन, आपसी विवाद और आपराधिक मामलों पर अधिकारियों ने किया फोकस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को जिले में पांच जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिले के अभय सुन्दरी बालिका उच्च विद्यालय हीरापुर, बाघमारा पुलिस अनुमंडल के अन्तर्गत राजस्थानी धर्मशाला, राजगंज रोड पचगढी बजार कतरास, सिंदरी पुलिस अनुमंडल के अंतर्गत टाटा आडिटोरियम जोरापोखर और निरसा पुलिस अनुमंडल के अन्तर्गत पालीटेक्निक कालेज निरसा में तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 एवं 2 के अंतर्गत अल इकरा कॉलेज बरियो टुंडी रोड गोविंदपुर शिविर का आयोजन किया गया। सभी कैंप में भारी संख्या में अपनी समस्या लेकर लोग पहुंच रहें हैं। जिला पुलिस शिविर में जमीन, आपसी विवाद ,आपराधिक मामलों को लेकर भी लोग पहुंचे। मामले से संबंधित सभी विभाग के अधिकारी, 8 थाना और दो ओपी के प्रभारी इस कैंप में मौजूद है। ज्यादा से ज्यादा मामलों का तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है।

### अंचल में लगाया गया विशेष कैंप

अंचलाधिकारी शशिकांत सिनकर ने बताया कि धनबाद अंचल के अंतर्गत सभी मामलों के निष्पादन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष कैंप का लगाया गया है। यहां त्वरित निष्पादन की कोशिश की जा रही है। अगर किन्ही मामलों में दोनों पक्ष यहां मौजूद है तो उन्हें आपसी सुलह कराने की काफी प्रयास किया जा रहा है। जमीन जो कोर्ट से संबंधित हैं, उन्हें विशेष सलाह देकर जल्द से जल्द आपसी समझौता कर सुलह करने का आग्रह किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### धनसार के सरकारी स्कूल में घुसा अज्ञात शख्स छेड़खानी का प्रयास

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र स्थित एक सरकारी स्कूल में मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। स्कूल के अंदर एक अज्ञात शख्स घुस आया। उसने वॉशरूम जाती नाबालिग छात्राओं को दबोच कर छेड़खानी करने का प्रयास किया। खुद को बचाते हुए दौड़कर छात्राएं भागी और प्राचार्य के पास पहुंची। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने धनसार पुलिस को मामले से अवगत कराया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि पांचवी कक्षा की छात्राएं वॉशरूम गईं थी। इस दौरान एक अज्ञात शख्स वहां घुस गया और छात्राओं के साथ छेड़खानी करने का प्रयास किया। छात्राएं शख्स के मंसूबे को समझते हुए वहां से भाग निकली। घटना की जानकारी होने पर प्राचार्य ने पूरे मामले से धनसार पुलिस को अवगत करा दिया। पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि स्कूल परिसर में विगत कई वर्षों से दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी भव्य पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है। इस वजह से अनजान लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

### सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में अभिभावक गोष्ठी

■ बच्चे हो रहे हैं नशा एवं गलत लत के शिकार : प्राचार्य

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में मंगलवार को तीन कक्षाओं के छात्र छात्राओं के अभिभावकों की गोष्ठी हुई, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय कक्षा के छात्र छात्राओं के अभिभावक मौजूद थे। मुख्य अतिथि अभिभावक चिरंजीवी बनर्जी ने कहा कि बच्चों की वास्तविक क्षमता को जानकर उसके अनुरूप प्रयास करने पर सफलता मिलती है। समय पालन सफलता की कुंजी है। स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि आज परिवार के प्रत्येक सदस्य को साथ मिलकर भोजन करना जरूरी है। परिवार भाव धीरे धीरे समाप्त हो गया है। बच्चे नशा एवं गलत लत के शिकार हो रहे हैं। समय पालन एवं लेखन क्रिया को सुधार कर बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। गोष्ठी में हेमंत कुमार महतो, कन्हाई कुंभकार, बनार्ली बनर्जी, सुनीता कुमारी, रंजीत कुमार मौजूद थे।

### छाताबाद में गणेश पूजा महोत्सव पर भक्ति जागरण

**कतरास।** छाताबाद 5 नम्बर में गणेश पूजा महोत्सव के मौके पर भक्ति जागरण में क्षेत्र के समाजसेवी वशिष्ठ चौहान उपस्थित हुए। उन्होंने फीता काटकर भक्ति जागरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर भरत महतो, काली साव, रघु चौहान, विक्की, संदीप साव, लिली रवानी, अजय साव, संदीप सिंह, सनी, जुगुनू आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में आरोपी को छह माह की सजा

**धनबाद।** तेजी व लापरवाही से मोटर साइकिल चलाने व इस्लाम अंसारी को धक्का मारकर जख्मी करने के एक मामले में मंगलवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेंद्रा बांसजोरा निवासी चंदन कुमार यादव को भादवि की धारा 279 में छह माह कैद, एक हजार रुपये जुर्माना वहीं भादवि की धारा 337 में दोषी पाकर छह माह कैद व पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन का संचालन सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने किया। 24 दिसंबर 2017 को रेशमा प्रवीण की शिकायत पर झरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ ने चलाया सदस्यता अभियान

● खाद्यान्न व्यापारी 10 रुपये शुल्क के साथ बन सकते हैं सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ ने मंगलवार को गांधी सेवा सदन में सदस्यता अभियान कैंप लगाया। कैंप में जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारी तथा सदस्यों ने भाग लिया। जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि संघ का संघर्ष करने का इतिहास रहा है। पूरे प्रदेश में खाद्यान्न व्यवसाय की समस्या तथा समाधान अलग तरह के रहे हैं। खाद्यान्न व्यवसाय के मोतीलाल अग्रवाल जिला चेंबर के अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में 10 रुपया प्रति महीना मात्र शुल्क के साथ कोई भी खाद्यान्न व्यापारी इसका सदस्य बन सकता है। 3 महीने के अंदर 5000 सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर अभियान शुरू किया गया है। जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने कहा कि धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ सदस्यता अभियान चला रहा है, जिसमें 10 रुपये प्रतिमाह शुल्क दे करे सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। यह संघ पिछले कई सालों से व्यवसाय के क्षेत्र में संघर्ष कर रहा है।



## धार्मिक स्थल में फेंका मांस का टुकड़ा, इलाके में तनाव

### भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात, पुलिस ने समझा-बुझा कर लोगों को किया शांत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के बाबूडंगाल सीएमडब्लूओ कॉलोनी स्थित बजरंगबली मंदिर में सोमवार की रात मांस का टुकड़ा मिला है। खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई है। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मंदिर के समीप इकट्ठा होने लगे। पुलिस भी पहुंची और लोगों को शांत कराया। तनाव को देखते हुए इलाके में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। खबर पाकर निरसा एसडीपीओ, सर्किल के सभी थाना व ओपी की पुलिस घटना स्थल पर कैंप कर रही है। सभी स्थिति को शांत करने में लगे हुए हैं। पुलिस दोषियों के विरुद्ध कारवाई का आश्वासन देते हुए दोनों पक्षों से शांति और सौहार्द बनाने की अपील कर रही है। मजीद मियां के परिवार का कहना है कि उनके द्वारा इस तरह का घृणित कार्य नहीं किया गया है। पुलिस से पूरे मामले की जांच करा ली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।



### शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगाः एसडीपीओ

एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा घृणित कार्य कर आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है और आस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच कर ऐसे शरारती तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि पास के ही एक अल्पसंख्यक परिवार में कल रात शादी समारोह था। उन्हीं के परिवार द्वारा मांस का टुकड़ा मंदिर में फेंककर आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माहौल बिगाड़ने वालों की अविलंब गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कठोर कारवाई की मांग की जा रही है।

### आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : रिंटू पाठक

जोगरात पंचायत के मुखिया रिंटू पाठक ने कहा कि शरारती तत्वों द्वारा हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया गया। माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गई हम सबों ने प्रशासन से ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ कठोर कारवाई की मांग की है।

### समस्या का निकाला जाएगा निदान : अजय पासवान

डुमरकुंडा उत्तर के मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान ने कहा कि सुबह उन्हे जानकारी मिली कि मांस का टुकड़ा मंदिर में फेंक दिया गया है, जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस प्रशासन को दी। पुलिस पहुंची और मामला को शांत कराया। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है।

## वृद्ध दंपति ने लगायी बेटा-बहू की प्रताड़ना से बचाने की गुहार

### जनता दरबार

● फ्लैट मालिक पर बिजली कनेक्शन काट देने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जनता दरबार में मंगलवार को एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी। धनबाद के बारामुड़ी से आए एक वृद्ध दंपति ने बेटा-बहू की प्रताड़ना से बचाने की गुहार लगाई। दंपति ने बताया कि अनुसेवक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वे अपने निजी मकान में रहते थे। बेटे की शादी के बाद बहू और बेटा दोनों मिलकर उन्हें आए दिन प्रताड़ित करते हैं। मारपीट भी करते हैं। जिस कारण उन्होंने अपना निजी मकान छोड़कर भाड़े के मकान में आसरा लिया है। उन्होंने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचाने और दोनों को घर से बाहर करने की गुहार लगाई। वहीं सीएमपीएफ कॉलोनी के अमन ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाली महिला ने बताया कि वहां एक फ्लैट में किराए पर रहती है। नियमित रूप से किराया देती है। परंतु 2 सितंबर को फ्लैट मालिक ने बिजली कनेक्शन काट दिया है। महिला ने बिजली कनेक्शन पुनः बहाल कराने का अनुरोध किया। वासेपुर से आए एक व्यक्ति ने उनकी रैयती जमीन हड़पने और उस पर अवैध कब्जा करने के लिए दबंगों द्वारा जबरन जेसीबी से बाउंड्री वॉल तोड़ देने की शिकायत की।



### जनता दरबार में आये कई मामले

जनता दरबार में जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने, घर तक आने जाने का रास्ता बंद कर देने, तोपचांची में वन विभाग की जमीन पर जबरन कब्जा कर आम रास्ता बंद कर देने, बाघमारा के कपूरिया व कंचनपुर पंचायत में अवैध नमक फैक्ट्री को बंद कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हए। मौके पर जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर पंडाल पूजन

**बेरमो /कथारा।** आगामी 3 अक्टूबर से होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर अभी से ही बेरमो कोयलांचल के विभिन्न पूजा स्थलों पर देवी सतसती दुर्गा की प्रतिमा निर्माण तथा पंडाल बनाने की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है इसे लेकर मंगलवार को कथारा चार नंबर स्थित मंदिर प्रांगण के समीप दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण कार्य शुरू कर दी गई इससे पूर्व मंदिर के मुख्य पुजारी गुप्तेश्वर पांडे द्वारा विधिवत बाँस की बंबू लगाकर पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर मंदिर समिति एवं दुर्गा पूजा समिति के सचिव अजय कुमार सिंह,सुजीत मिश्रा, संतोष सिन्हा,अश्वनी कुमार, इंद्रजीत सिंह मौजूद थे।

## एक नजर में

### नाबालिग के अपहरण के आरोपी को तीन वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण करने के एक मामले में मंगलवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी बोकारो जिले के पिंडाजोरा थाना क्षेत्र के लाबूडीह निवासी दीपक कुमार महतो तीन वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया। प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर तोपचांची थाने में 14 मार्च 2024 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक 13 मार्च 2024 को शाम 5 :00 बजे आरोपी नाबालिग के घर आकर उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। उस समय उसके परिजन घर में नही थे। इसी का फायदा उठा कर फोन से उसे तोपचांची बुलाकर भगा ले गया। पीड़िता इंटर की छात्रा है। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 5 जून 2024 को इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था। 14 जून 2024 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने 6 गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया था।

### मांगों को लेकर टोटो चालक संघ उतरा सड़क पर



**धनबाद।** टोटो चालकों ने परिचालन में आ रही तमाम तरह की परेशानी को लेकर मंगलवार को झारखण्ड ई- रिक्शा टोटो संघ के बैनर तले सड़क पर उतरे। प्रदर्शन की अगुवाई संघ के प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने की। चालकों के इस प्रदर्शन में विशेष तौर से संघ के संरक्षक सह कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि आज जिले में टोटो की संख्या 20 हजार पार हो चुकी है। इस पॉलियूशन मुक्त वाहन के लिए जिला प्रशासन ने अब तक अल्प ठहराव, चार्जिंग के लिए क्या व्यवस्था की है यह बताना चाहिए। संतोष कुशवाहा ने कहा कि टोटो के लिए शहर में कहीं भी अल्प ठहराव की व्यवस्था नही की जा रही है। चार्जिंग पॉइंट नही है। अब सरकार ने ड्रेस कोड लागू कर दिया है। सरकार व प्रशासन तमाम सुविधाएं दे अन्यथा टोटो चालक अब हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

### प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी उपकरण पर प्रशिक्षण का आयोजन

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मंगलवार को प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी उपकरण से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण स्त्री प्रसव रोग विभागाध्यक्ष डॉ राजलक्ष्मी तुपिड की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। विभागाध्यक्ष ने बताया कि प्रशिक्षण 12 सितंबर तक चलेगा। परिवार नियोजन सेवा को बेहतर करने के लिए इसका आयोजन किया गया है।

## टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापितों के पुनर्वास पर लोक सुनवाई

### रैयतों ने दिया एक एकड़ पर एक नौकरी और नगर निगम क्षेत्र में पुनर्वास का सुझाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सेल की बहुप्रतीक्षित परियोजना टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के लिए लगभग 225 एकड़ जमीन अधिग्रहण को लेकर पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के प्रारूप पर मंगलवार को गोशाला आर्य समाज परिसर में लोक सुनवाई हुई। अध्यक्षता जिला अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने की। विचारणीय विषय में रोहड़ाबांध मौजा के 1297 रैयतों सह 672 गैर रैयतों और टासरा मौजा के 348 रैयतों सह 52 गैर रैयतों के परिवारों का विस्थापन शामिल है।




लोक सुनवाई में लगभग 20 से ज्यादा ग्रामीणों और रैयतों ने अपने विचार रखे। इन विचार प्रकट करने वालों में मदन सिंह, देवन मंडल, परमेश्वर मंडल, राजू कुमार मंडल, अनिल सिंह, वासुदेव मंडल, योगेंद्र महतो शामिल थे। इन रैयतों ने कहा कि पुनर्वास के लिए निर्धारित घरों की गुणवत्ता बढाई जाए। प्रत्येक अवार्डी को 5 डिसमिल जमीन पर निर्मित घर या एकमुश्त 15 लाख रुपये का भुगतान किया जाए। भूमि के एवज में नियोजन नही लेने वाले रैयतों को मासिक देय राशि 2 हजार रुपये में बढोतरी की जाए। सेल में नियोजन के लिए निर्धारित मानक दो एकड में एक नौकरी के सिद्धांत में बदलाव कर एक एकड पर एक नौकरी और नगर निगम क्षेत्र में पुनर्वास की व्यवस्था करने तथा धार्मिक स्थलों के मुआवजे का सुझाव ग्रामीणों ने दिया। आर एन आर पॉलिसी की समिति में 5 ग्रामीणों को शामिल करने का सुझाव भी रैयतों ने दिया। अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बताया कि लोक सुनवाई में ग्रामीण और रैयतों ने अच्छे सुझाव भी दिए हैं। इन सुझावों को जिला स्तर पर गठित आर एंड आर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और अध्ययन कर आर एंड आर समिति निर्णय लेगी।

### लोक सुनवाई में थे उपस्थित

लोक सुनवाई में धनबाद जिला भूअर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, सेल सीजीएम पर्सनल संजय तिवारी, सेल चासनाला महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी, टासरा महाप्रबंधक एस के कुरील, पंकज मंडल, के एम तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, राजू कुमार, केटीएमपीएल परियोजना निदेशक टी रमेश, महेश कोट्टा, विजय शर्मा, वार्ड नं 53 की निवर्तमान पार्षद चंपा देवी, गोपाल महतो, अनिल सिंह सहित कई ग्रामीण महिला, पुरुष, युवा शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## पंकज हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**धनबाद।** जिले के झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत घनुडीह में बीती रात पंकज निषाद हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को स्थानीय लोगों और पुलिस की सूझबूझ से आरोपी अभिषेक मुखर्जी को रंगे हाथ धर लिया गया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी, जिसे पुलिस ने घायल अवस्था में इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते चलें कि बीती रात धनुडीह ओपी के मोहरी बांध में पंकज निषाद की लाठी, डंडे व धारदार हथियार से पीट कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त था।

## झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति ने सीएमडी को दिया ज्ञापन

**धनबाद।** कोयला खनन क्षेत्र के आसपास बसे लोगों की सुरक्षा व पुनर्वास की मांग को लेकर झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने मंगलवार को बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि झरिया, लोदना, भौंरा 8 और 12 नंबर तथा भौंरा बाजार में बेतरतीब ढंग से किए जा रहे डेटोनेटर विस्फोटकों के कारण इस पूरे क्षेत्र में प्रदूषण, घरों में दरार से स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। इसे लेकर पूर्व में पूर्वी झरिया क्षेत्र के तत्कालीन महाप्रबंधक उपमहाप्रबंधक एवं स्टेट ऑफिसर से वार्ता कर कई सुझाव दिये गए थे। उसके बाद भी इस क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं आया है। सीएमडी से कहा गया है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करे, ताकि वहां लोग सुकून से रह सकें। साथ ही झरिया मास्टर प्लान को यहां के निवासियों की अपेक्षा के अनुरूप संशोधित कर जल्द लागू किया जाए। इस मामले कि जानकारी हमलोग हाल में धनबाद दौरे पर आये कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे को दे चुके हैं। उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी।

## सिंदरी में नाबालिगों की टोली कर रही लोहे की तस्करी

**सिंदरी।** सिंदरी थाना के विभिन्न क्षेत्रों में आठ से बारह वर्ष के नाबालिग बच्चों की टोली लोहे के सामान की चोरी कर गुरुद्वारा के समीप गुलगुलिया बस्ती में बेच रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुलगुलिया बस्ती के कबाड़ी गोदाम संचालक भी इस कृत्य में शामिल बताए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोदाम संचालक के इशारे पर नाबालिग बच्चे विभिन्न जगहों से लोहे की चोरी कर रहे हैं। बच्चे चोरी के लोहे के सामान साइकिल पर लाद कर बलियापुर थाना क्षेत्र के गुलगुलिया बस्ती कबाड़ी गोदाम में पहुंचाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पढ़ने की उम्र में लौह तस्कर नाबालिगों को तस्करी में धकेल रहा है। इससे नौनिहालों की जिंदगी बर्बाद हो रही है।

## हाथुडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार

**महुदा।** हाथुडीह पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन पंचायत की मुखिया संगीता घोषाल, उप मुखिया जोबा देवी, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी रघुवंश भारती, और महिला पर्यवेक्षिका मंजु कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। शिविर में अबुआ आवास योजना मुख्यमंत्री मईयां समान योजना, पेंशन योजना, मनरेगा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना समेत कई अन्य योजनाओं का लाभ उठाते हुए लाभुकों ने अपने आवेदन जमा किये। आबुआ आवास योजना के लिए 252, स्वस्थ्य सुरक्षा योजना के लिए 42, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 13, सावित्री वाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 12, वृद्धा पेंशन के लिए 04, आधार कार्ड सुधार के लिए 10 आवेदन आये।

### कतरास में पुलिस ने लगाई समस्याओं के समाधान की चौपाल

# आम लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के सौजन्य से मंगलवार को कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला में शिविर लगाया गया। शिविर में नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निदान किया गया। शिविर का उद्घाटन बाघमारा के एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, सीओ रवि भूषण प्रसाद, एवं बीडीओ डॉ सुषमा आनंद ने किया। एसडीपीओ ने शिविर में आये तमाम लोगों से लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सरकार की अनूठी पहल है, जिसमें पुलिस विभाग की ओर से लोगों की समस्याओं का तत्काल निदान करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर बाघमारा पुलिस अनुमंडल के सभी थाना की ओर से समस्याओं के निदान के लिए स्टॉल लगाए गए थे। कई लोगो ने अपना शिकायत पत्र स्टॉल में जमा किया। कई लोगों ने योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। मईयां सम्मान योजना व जमीन संबधी कई शिकायतें सामने आईं।



### कतरास में उठी जाम की शिकायत

कतरास चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव मनोज गुप्ता ने कतरास में रोजाना जाम लगने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने माडा द्वारा दूषित पानी की आपूर्ति किये जाने की भी शिकायत की। समाजसेवी मधु माला ने भी कतरास की समस्या पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निदान की मांग की। कतरास के हनुमान मेंशन के भाड़े में वृद्धि की शिकायत की गई। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं व शिकायतों परो उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि समस्याओं केऑन स्पॉट निष्पादन के अलावा कुछ जांच के बाद शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाएगा। शिविर में बीसीसीएल के कई अधिकारी भी मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान शिविर में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील जामाडोबा महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस ने मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिंदरी डीएसपी भूपेन्द्र राउत ने दीप जलाकर कर किया। सिटी एसपी अजित कुमार, झरिया सीओ रामसुमेर प्रशाद, झरिया अंचल के 13 थाना के प्रभारी एवं सभी इंस्पेक्टर मौजूद थे। मंच संचालन जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने किया। जोड़ापोखर में 25, गोशाला थाना से 2, ाथरडीह से 4,सुदामडीह से 5,भौरा स`5, झरिया से 8, बोर्रागढ़ से 2, बलियापुर स `4,लोदना से 1,अलकडीहा से 1, घनुयाडीह 5, तिसरा से 12 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में परिवारिक विवाद के अलावा कई थाना की पुलिस द्वारा न्यायसंगत कार्य नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई गई। शालीमार के शुभाशीष राय ने ध्वनि प्रदूषण का मामला दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे हर पर्व-त्योहार पर डीजे बजाया जाता है। पुलिस मूक दर्शक बनी रहती हैं।

## पबिया में लोगों को बताया गया साइबर अपराध से बचने के उपाय



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिला के नारायणपुर थाना एवं कमाटांड थाना के संयुक्त तत्वावधान में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र पाबिया में संपन्न हुआ, जिसमें आम जनों की शिकायतों का निष्पादन एवं साइबर अपराध सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं।

शिविर में नागरिकों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए एवं उनकी शिकायतों का समाधान हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागूरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव मौजूद थे। जमीन विवाद, साम्प्रदायिक घटनाओं से बचाव, महिला उत्पीड़न, बाल विवाह तथा समाज मे अन्य समाजिक कुरीतियों पर नारायणपुर और करमाटांड थाना प्रभारी ने अपने प्रयासों की चर्चा की तथा साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम स्थानीय जनता के बीच काफी सफल रहा और लोगों ने इसे सराहा। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों से लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ेगा और साइबर अपराधों के प्रति सजगता में वृद्धि होगी। मौके पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार, नारायणपुर थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी, करमाटांड थाना प्रभारी अभय कुमार, साइबर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मनीष गुप्ता एवं सीआई निरंजन मिश्रा,पाबिया पंचायत के मुखिया जलसिंह बेसरा मौजूद थे।

## कोयला मंत्री के साथ केंद्रीय सलाहकार समिति की वार्ता नहीं कराए जाने पर रोष

**कतरास।** जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सलाहकार समिति सदस्य गोपाल मिश्रा ने बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र प्रेषित कर कोयला खान मंत्री एवं कोयला राज्यमंत्री के साथ वार्ता व बैठक नहीं कराये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विगत एक डेढ़ माह पूर्व कोयला खान मंत्री जी कृष्ण रेड्डी धनबाद आये। परन्तु उनके साथ केन्द्रीय सलाहकार समिति की वार्ता एवं बैठक प्रबंधन द्वारा नहीं कराई गई। पुनः 8 सितंबर रविवार को कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे धनबाद आये। परन्तु उनके साथ भी केन्द्रीय सलाहकार समिती की वार्ता या बैठक नहीं कराई गई। पत्र में कहा गया कि पूर्व में जब भी कोयला मंत्री बीसीसीएल के दौरे पर आते थे तो प्रबंधन द्वारा मंत्री के साथ केन्द्रीय सलाहकार समिति की वार्ता एवं बुलाई बैठक जाती थी।

## कुमारधुबी में भाकपा-माले की केंद्रीय कमेटी की बैठक शुरू

### मासस के विलय का स्वागत, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थिति पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता




**मैथन।** भाकपा-माले की केंद्रीय कमिटी की दो दिवसीय बैठक मंगलवार को कुमारधुबी में शुरू हुई। बैठक में मासस के भाकपा-माले में विलय का स्वागत किया गया। केंद्रीय कमिटी ने कहा कि विलय की इस प्रक्रिया से न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में वाम कतारों में नया उत्साह पैदा हुआ है। केंद्रीय कमिटी ने कल संपन्न एकता रैली के संदेश को झारखंड के मूलवासियों तक ले जाने का आह्वान किया। बैठक में मासस नेता आनंद महतो, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और हलधर महतो भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य, बिहार राज्य सचिव कुणाल, स्कीम वर्करों की नेता श शशि यादव. यूपी से कृष्णा अधिकारी, आंध्रप्रदेश से एन मूर्ति, झारखंड के पूर्व राज्य सचिव जनार्दन प्रसाद आदि कर रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों से केंद्रीय कमिटी के सदस्यों के साथ पार्टी के दोनों सांसद राजाराम सिंह, सुदामा प्रसाद सहित कई विधायक भी बैठक में शामिल हैं। बैठक में पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने देश की विकासमान राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की शुरुआत की। यूरोप में धुर दक्षिणपंथ की बढ़त के दौर में फ्रांस में संयुक्त वामपंथ का उभार, बांग्लादेश के घटनाक्रम का उपयोग भारत में बांग्लादेश विरोधी- अप्रवासी विरोधी मुस्लिम विरोधी घृणा अभियान के रूप में करने, दलित-आदिवासी समाज में उप-वर्गीकरण, वक़्फ बोर्ड का सवाल, उच्चतम न्यायालय द्वारा बुलडोजर न्याय पर की गई टिप्पणी, गो रक्षा के नाम पर मुस्लिमों- दलितों पर हमले, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड में आगामी चुनावों, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भयावह बलात्कार और हत्या के बाद उभरे जन प्रतिरोध आदि विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा उप-वर्गीकरण की आड़ में दलित समुदाय को आपस में उलझाने की साजिश कर रही है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि दलित समुदाय का एक हिस्सा अभी भी बहुत कमजोर और अभिवंचित है। उनके आर्थिक-शैक्षिक सशक्तीकरण के एजेंडे पर बात करने की बजाय उलझाने की राजनीति हो रही है। इसलिए पार्लियामेंट का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने देश के स्तर पर अविलंब जाति गणना कराने की मांग की। कहा कि वक़्फ बोर्ड के मसले पर राज्य का हस्तक्षेप उचित नहीं है। हमारी समझ है कि मुस्लिम नागरिक समाज को इस मसले को खुद देखना चाहिए और वक़्फ की संपत्ति को पारदर्शी बनाने के लिए जरूरी हस्तक्षेप करना चाहिए। भाकपा-माले झारखंड और अन्य राज्यों के लिए खनिज- संपदा की उचित रायल्टी उपलब्ध कराने की मांग करती है, ताकि गरीबी-बेकारी दूर करने की पहलकदमी ली जा सके।

### एक नजर में

## आधी आबादी के दम पर पलट देंगे झारखंड सरकार का तख्ता : रमा सिन्हा



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाये जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के लिए भाजपा नेत्री रमा सिन्हा धनबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडल में लोगों से संपर्क कर रही हैं। मंगलवार को उन्होंने खादी ग्राम सिलाई प्रशिक्षण केंद्र और बापू नगर में महिलाओं के संग बैठक कर उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आधी आबादी के साथ मिलकर झारखंड विधानसभा चुनाव में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को 5 वर्षों में चूल्हा योजना के तहत महिलाओं को प्रत्येक माह 2000 रुपये देना था। कुल मिला कर एक महिला को 1 लाख 20 हजार की राशि मिलने वाली थी। मगर अभी मईया योजना में चुनाव के पहले 1000 रुपये देकर निपटारा कर रही है। बहनें जाग चुकी हैं। हेमंत जी युवाओं और महिलाओं को ठग कर अब सरकार नहीं बना सकते। नारी ने जब जब जो ठाना है, उसे पूरा किया है। आज के सदस्यता अभियान में अनिता सिंह, नीतू सिंह ,खुशी, वैदेही कुमारी, ममता , सुमन, हेमा आदि शामिल थी।

## राज्य में पूर्ण अधिकार की मांग को लेकर बांग्ला भाषियों ने दिया धरना



**धनबाद।** नौ सूत्री मांग को लेकर मंगलवार को शहर के रणधीर वर्मा चौक पर बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सदस्यों ने धरना दिया। समिति के अध्यक्ष बेंगू ठाकुर ने कहा कि झारखंड के पांच प्रमंडलों में बाग्लाभाषी बहुसंख्यक है। लेकिन राज्य गठन के 24 साल बीत जाने के बाद भी सभी सरकारों ने इस समाज की अनदेखी करने का काम किया है। हमें इस राज्य में पूर्ण अधिकार चाहिए। इसलिए आज हमलोग सड़क पर आंदोलन कर रहे हैं। वहीं समिति कि कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल ने कहा कि आज हमारी संस्कृति खतरे में है। हमलोग सरकार से बांग्लाभाषी क्षेत्र के स्कूलों में बाग्ला कि पढ़ाई, किताब, शिक्षक और रेलवे स्टेशनों का नाम बांग्ला में लिखने मांग करते है। इसके साथ ही जहां बांग्ला भाषियों कि संख्या एक लाख है, वहां उन्हें राजनीत में नेतृत्व का अवसर प्रदान करने की मांग भी करते हैं। सरकार ने ऐसा नही किया तो हमलोग खुद अपनी राजनीतिक पार्टी बनाकर अपने क्षेत्र का नेतृत्व करने का काम करेंगे। धरना में बड़ी संख्या में बांग्ला भाषी महिला, पुरुष शामिल थे।

## तोपचांची में जावा डाली को पुलिस गाड़ी ने रौंदा ग्रामीणों में आक्रोश, थाना प्रभारी ने मांगी माफी



खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** सोमवार देर रात तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत खेशमी पंचायत के रविदास टोला में पुलिस गाड़ी ने जावा डाली को रौंदा. घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है. घटना के संबंध में ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि रात को ग्रामीण सड़क में अखरा बना कर जावा डाली को जगाने का काम किया जा रहा था. तेज रफ्तार में आ रही पुलिस गाड़ी को रोकने का प्रयास किया लेकिन गाड़ी ने जावा डाली को रौंदते हुए निकल गया. ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस गाड़ी किस थाने की है इसकी जानकारी नहीं है. फिलहाल जावा डाली को रौंदते की खबर के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

> मंगलवार को देर शाम तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक उक्त गांव पहुंच कर ग्रामीणों से माफी मांगी. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना हमारा उद्देश्य नहीं है, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों शांत हो गए।

## डॉक्टर कुणाल किशोर ने 60 वर्षीय मरीज की जिंदगी बचाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एसजेएएस सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टर कुणाल किशोर ने एक जटिल और चुनौतीपूर्ण स्पाइन सर्जरी को सफलता पूर्वक संपन्न कर 60 वर्षीय मरीज की जान बचाई है। मरीज पहले से ही गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। उसकी कमर की हड्डी में दो बार ऑपरेशन हो चुका था। ये ऑपरेशन दक्षिण भारत में किए गए थे, जिनमें उसकी कमर की हड्डी में स्क्रू और रॉड लगाए गए थे। हालांकि, कुछ समय बाद वे स्क्रू और रॉड टूट गए, और उसकी नसें दबी हुईं थी जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गई। मरीज को शुरू में कमर और पैरों में तेज दर्द महसूस हुआ, जो समय के साथ बढ़ता गया। टूटी हुई स्क्रू और रॉड के कारण उसकी रीढ़ की हड्डी पर दबाव बन गया था, और उसकी नसें बुरी तरह से दब चुकी थीं। इसका असर उसकी दैनिक गतिविधियों पर पड़ने लगा, यहां तक कि वह स्वयं से शौचालय तक जाने में भी असमर्थ हो गई। उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि चलना-फिरना तो दूर, खड़े रहना भी मुश्किल हो गया था।

### मरीज की हुई जटिल सर्जरी

डॉक्टर कुणाल किशोर ने मरीज के मामले का विस्तार से अध्ययन किया और जटिल सर्जरी की योजना बनाई। ऑपरेशन के दौरान, पुराने और टूटे हुए स्क्रू और रॉड को सावधानीपूर्वक निकाला गया। इसके बाद, नए सिरे से मजबूत स्क्रू और रॉड को रीढ़ की हड्डी में फि क्स किया गया। साथ ही, मरीज की दब चुकी नसों को राहत दिलाने के लिए 'लेमिनेक्टमी' की प्रक्रिया की गई, जिससे उसकी नसों पर से दबाव हटा और उसकी हालत में सुधार आना शुरू हुआ। ऑपरेशन के बाद, मरीज का पैर धीरे-धीरे काम करने लगा है। मरीज को दर्द से भी पूरी तरह राहत मिल गई है। अब डॉक्टरों की देखरेख में फिजियोथेरेपी से उसे धीरे-धीरेचलने-फिरने की कोशिश की जा रही है।

# मानव श्रृंखला बना कोलकाता रेप पीड़िता को न्याय देने की मांग

### आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पीड़िता को इंसाफ दिलाने एवं देश भर में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ मंगलवार शाम को मैथन में सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि मानव श्रृंखला का उद्देश्य आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पीड़िता को इंसाफ दिलाने एवं देश में महिलाओं के साथ हो रहें अत्याचार के खिलाफ एकजुटता प्रकट करना था। विरोध प्रदर्शन में समाज के सभी तबके के लोग शामिल हुए। वहीं प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन की ओर से जगह-जगह पुलिस बल मुस्तैद थे। बीपी नियोगी अस्पताल से लेकर मैथन डैम तक लगभग 2 किलोमीटर एक लंबा मानव श्रृंखला बनाया गया। इस दौरान नागरिक मंच के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने सड़क के दोनों ओर एकत्र होकर इंसाफ की मांग की। इस प्रदर्शन में लोग स्वतः जुड़ते गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते हुए तख्तियों पर इंसाफ दो, अदालत में न्याय एवं महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बंद करो जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। प्रदर्शन में दीपा दास, डॉ आर द्विवेदी, डॉ यू कुमार, संतोष घोष, प्रोमिता चन्द्रा, सुमना लहडी, रूद्र प्रताप सिंह, केके त्रिपाठी, धर्मदेव सिंह, अल्तमश हयात, आईबी झा, कावेरी अडडी, सपना सिंह, सुदीपा दास, मीरा सिंह सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।




## निरसा पॉलिटेक्निक में पुलिस ने लगाया समस्या समाधान शिविर

### बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं के निदान की लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा पॉलिटेक्निक में मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मनिक बाखला के नेतृत्व में जन समस्या समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में सीओ, बीडीओ पूरे निरसा अनुमंडल क्षेत्र के थाना, ओपी के प्रभारी के अलावा डालसा के पदाधिकारी मौजूद थे। पदाधिकारियों ने बताया कि झारखंड पुलिस की ओर से यह बेहद अनूठी पहल की जा रही है। राज्य के 24 जिलों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। धनबाद जिला में पांच जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आम जनों की समस्या का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हर जिले में एक मोबाइल नंबर, एक व्हाट्सएप नंबर और एक ईमेल आईडी जारी किया गया है। लोग कि ड्रग्स, महिलाओं से संबंधित, अपराध ,साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा और ऐसे मामले जिसमें थाने में कार्रवाई नहीं हो रही है, उसकी शिकायत कर सकते हैं। वे पुलिस से संबंधित किसी भी मामले की शिकायत इन मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप और ईमेल या सोशल मीडिया के जरिए कर सकते हैं। एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने बताया कि शिकायतकर्ता को जांच पदाधिकारी के नंबर भी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे अपने मामले का फीडबैक ले सके। मौके पर चिरकुंडा, निरसा, गलफरबाड़ी, कुमारधुबी, मैथन, कालूबाथान और एनपीएल ओपी द्वारा कैंप लगाकर आवेदन लिए जा रहे थे। दोपहर को ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी शिविर पहुंचे और लोगो की शिकायतें सुनने का काम किया।

स्पीड न्यूज

## भगवान गणेश की प्रतिमा का श्रद्धालुओं ने किया विसर्जन



कोडरमा। जिला मुख्यालय स्थित महावीर मुहल्ला में गणपति पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं सुरेश सिंह के आवास पर आयोजित गणपति पूजा पर पूरे मुहल्ले के लोग शामिल हुए एवं पूजा अर्चना कर मंगलकामना किया। वहीं पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ हवन पूर्णाहुति के बाद गणपति बप्पा को विदाई दी गयी। विदाई को लेकर आयोजित शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और नाचते गाते स्थानीय जलाशय पहुंचे और प्रतिमा का विसर्जन किया। मौके पर सुरेश सिंह, अनिल सिंह, मुनि सिंह, शिव शंकर राम, बालेंदु कुमार, दीपक कुमार, महेश राम, सोनी देवी, सविता देवी, सलोनी, कोमल, नव्या, मानसी, निर्जला आदि मौजूद थे।

## वन विभाग की कार्रवाई में अवैध आरा मिल जब्त, दो गिरफ्तार

चतरा। जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र के पेटादरी के धर्मपुर जंगल में वन विभाग के अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित आरा मिल को जब्त कर लिया है। इस अभियान में दो लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में संतोष राणा और रूपेश कुमार भुइयां शामिल हैं। इसके अलावा, तीस बोटा, डीजल मशीन और दो बाइक को भी जब्त किया गया है। जब्त आरा मिल और बोटा को इटखोरी के बिट ऑफिस में रखा गया है। गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में संलग्न पदाधिकारी वाघ पवन शालिग्राम के नेतृत्व में प्रभारी वनपाल कमल किशोर, रूपलाल यादव, धर्मेंद्र पासवान, वनरक्षी अनुज कुमार, निशांत कुमार, राकेश कुमार, कार्तिक पासवान, भारती कुमारी, सुनिता तिग्गा, राजेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, प्रकाश राणा, हरेन्द्र राणा, तरुण रंजन, मुकेश कुमार सिंह, संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार मिश्र तथा चालक अब्दुल सलाम, पप्पु कुमार और पशुरक्षक अनंत सिंह शामिल थे।

## हिंदीयाकला गांव में बिजली ट्रांसफॉर्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान

कुंदा (चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र के हिंदीयाकला गांव में लगा 25 केवीए का बिजली ट्रांसफॉर्मर बीते आठ महीने से खराब पड़ा है, जिससे पूरे गांव में बिजली बाधित है। ट्रांसफॉर्मर खराब होने से शाम होते ही गांव में अंधेरा कायम हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से सबसे ज्यादा बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। डिजिटल दुनिया में लोगों को मोबाइल चार्ज करने के लिए दूर गांव भटकना पड़ता है। उक्त ट्रांसफॉर्मर पर गांव के करीब 50 उपभोक्ता निर्भर हैं। ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना बिजली विभाग को दे दी गई है, लेकिन नया ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए अभी तक कोई पहल नहीं की गयी है। ग्रामीणों ने शीघ्र नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग, डीआईजी ने कहा

# मामला दर्ज करने से पुलिस अफसर अब इंकार नहीं कर सकते

- लोगों ने खुल कर रखी समस्याएं, की पुलिस की पहल की सराहना

खबर मन्त्र संवाददाता



**जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 104 मामले आये**

महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश के आलोक में जिले के तीन जगहों बिरसा सांस्कृतिक भवन, पंचायत भवन शिवपुरी सतगावां और पंचायत भवन पूर्वी जयनगर में मंगलवार को आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 104 मामले आये, जिसके त्वरित निष्पादन को लेकर सम्बंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को एसपी के द्वारा निर्देशित किया गया।

कोडरमा। बिरसा सांस्कृतिक भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, एसपी अनुदीप सिंह और एसडीओ रिया सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कोडरमा, झुमरीतिलैया, मरकच्चो और डोमचांच थाना क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए और बेबाकी से अपनी समस्याओं को रखा और इंसाफ की गुहार लगायी। साथ ही पुलिस की इस पहल का सराहना भी की। ग्रामीणों द्वारा उठाये गए मामलों में सर्वाधिक मामले भूमि विवाद, दहेज प्रताड़ना, घरेलू विवाद से संबंधित थे। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी ने लोकसभा में पारित नये कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि नये कानूनों में किये गए प्रावधानों के तहत अब कोई भी हादसा अथवा घटना घटने पर पीड़ित व्यक्ति किसी भी थाना में मामला दर्ज करवा सकते हैं, बाद में दर्ज मामले को संबंधित थाने में ट्रांसफर करवा दिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि कोई भी पुलिस पदाधिकारी अब मामला दर्ज करने से इंकार नहीं कर सकते और न ही इस थाना क्षेत्र का मामला नहीं है, ऐसा कह कर पल्ला झाड़ सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम पीड़ित व्यक्ति को त्वरित गति से न्याय दिलवाना है। इससे आपदा के समय संबंधित व्यक्ति को राहत मिल सकेगा। वहीं उन्होंने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना है, ताकि लोग थाना आकर निस्संकोच और बिना डरे अपनी बातों अथवा समस्या को पुलिस के समक्ष रख सकें। वहीं उन्होंने कहा कि महिलाओं और कमजोर वर्गों से सम्बंधित मामलों को प्राथमिकता से निपटारा किया जाएगा। वहीं डीआईजी ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोग अपनी समस्याओं को लिखित, फोन अथवा ईमेल के जरिये भी रख सकते हैं, निर्धारित अवधि के अंदर आपकी समस्या का समाधान पुलिस करेगी। कार्यक्रम में जितने भी मामले आये हैं, उसका त्वरित गति से समाधान किया जाएगा। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि यह पुलिस की अनूठी पहल है, इसके लिए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में जन शिकायत कोषांग का गठन किया गया है, जनता को त्वरित गति से न्याय मिले, उनके आवेदन पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो, इसके लिए सेल का गठन किया गया है। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव गौतम कुमार, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, थाना प्रभारी कोडरमा, तिलैया, मरकच्चो, डोमचांच के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सतगावां थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



सतगावां (कोडरमा)। सतगावां थाना में राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देशानुसार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन शिवपुर पंचायत भवन सभागार में किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार मौजूद रहे। वहीं श्री कुमार के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों को जागरूक किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य के साथ थाना में आने वाले मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने की व्यवस्था, गुमशुद्गी के मामले, महिला सुरक्षा, पुलिस से मिलने वाले मुआवजे, जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर के अलावा नया अपराध कानून और साइबर क्राइम के मुद्दे की जानना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग को लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी के आदेशानुसार पुरे राज्य के साथ साथ कोडरमा जिला में प्रशासन की ओर से जिले के सतगावां प्रखंड में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत की गयी हैं। जिसमें नवलशाही थाना प्रभारी, ढाब थाना प्रभारी तथा सतगावां थाना प्रभारी मौजूद रहे। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है और यहां पर त्वरित निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है अगर किन्ही के मामला दो पक्षों में है और दोनों पक्ष यहां मौजूद है, उन्हें आपसी सहमति के अनुसार से सुलह कराने की काफी प्रयास की जा रही है। वहीं कार्यक्रम में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं मौखिक शिकायत को ऑन-द-स्पॉट निपटारा किया गया।

मौके पर बीडीओ सौरभ कुमार, नवलशाही थाना प्रभारी नीतीश कुमार, ढाब थाना प्रभारी नफीस अहमद, सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता के अलावे भारी संख्या में अपनी समस्या लेकर पहुंचे आम जनता मौजूद थे।

# सेवा कार्य से मिली मारवाड़ी युवा मंच को राष्ट्रीय पहचान : उदय सोनी

- रॉयल सेलिब्रेशन में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 104 मामले आये**

झारखंड के विभिन्न जिलों में कैंसर जांच शिविर : मारवाड़ी युवा मंच मंडल एक की सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने बताया कि पिछले 15 दिनों में झारखंड के जमशेदपुर, चाईबासा, और रांची में कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया है। 11 सितम्बर को गिरिडीह में भी शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह मोबाइल कैंसर वैन 2015 से देश के विभिन्न राज्यों में रूंगटा स्टील के सहयोग से जांच कर रही है और अब तक 7 लाख से अधिक लोगों की ब्रैस्ट मेमोग्राफी, सर्वाइकल कैंसर, और लेंस कैंसर जैसी जांच की जा चुकी है।

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा एवं साकार टीएमटी के सहयोग से रॉयल सेलिब्रेशन में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 से अधिक लोगों की कैंसर सहित अन्य 12 प्रकार की जांच की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव उदय सोनी व डीवीसी केटीपीएस के मुख्य अभियंता दिलीप सिंह ने किया।

**समाज सेवा में मारवाड़ी युवा मंच की पहचान :** उद्घाटन के दौरान उदय सोनी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच सेवा कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय पहचान बना चुका है। उन्होंने प्रेरणा शाखा की सराहना करते हुए कहा कि यह शाखा स्वास्थ्य जांच शिविर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पौधारोपण, गौ सेवा, अमृत धारा, और कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चला रही है। इन कार्यों से प्रेरणा शाखा ने समाज सेवा में एक नई मिसाल कायम की है। वहीं मुख्य अतिथि दिलीप सिंह ने कहा कि कैंसर जांच शिविर शिविर के माध्यम से कैंसर के प्रथम और द्वितीय चरण का पता लगाया जा सकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल और ग्रिजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ ने भी सराहना की। सुरेश झंझरी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच का कार्य समाज के लिए अत्यंत लाभकारी है। मौके पर सारिका लड्डा, शीतल पोद्दार, कृतिका मोदी, उषा शर्मा, लता राधवा, सचिन कुमार, दूरनतो कुमार, देवी प्रसाद पांडेय, संजय शर्मा, चेतन शर्मा, रितेश दुग्गड़, नेहा हिसारिया, शालू चौधरी, प्रिया अग्रवाल, मीणा हिसारिया समेत कई लोग मौजूद थे।

## मजदूर के बेटों ने नेशनल चैंपियन बनकर बढ़ाया मान, लौटने पर हुआ भव्य स्वागत



झुमरीतिलैया(कोडरमा)। झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। बताते चलें कि इस बार मथुरा में इंडियन काउंसिल फॉर स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन और सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित 22वां नेशनल सॉफ्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब जीता है। चैंपियन टीम के कोडरमा लौटने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

**कोच ने निःशुल्क किया प्रशिक्षित, मजदूर के बेटों ने बढ़ाया मान :** चैंपियन बनी झारखंड टीम के कप्तान सूरज चौहान और उप-कप्तान अंशु कुमार यादव थे। चैंपियनशिप में बेस्ट बॉलर का खिताब आशीष यादव, बेस्ट बैट्समैन अंकित कुमार राणा को मिला। वहीं मैन ऑफ द मैच भी अंकित कुमार राणा बने। झारखंड टीम के उप कप्तान अंकुश कुमार यादव ने बताया कि उनके पिता पेंटर का काम करते हैं, घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद पढ़ाई के साथ उन्होंने मेहनत करते हुए चैंपियनशिप की तैयारी की। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीम में उन्हें उप कप्तान भी बनाया गया। इसी तरह टीम में शामिल खिलाड़ी राजकुमार के पिता ढलाई मशीन चलाते हैं। सूरज कुमार और लवकुश यादव के पिता राज मिस्त्री हैं। टीम में शामिल खिलाड़ियों ने बताया कि कोच मित्तल गुप्ता ने उन्हें निःशुल्क चैंपियनशिप के लिए प्रशिक्षित किया था। झारखंड की टीम में सूरज चौहान, अंकुश कुमार यादव, राज कुमार, अंकित कुमार राणा, आशीष यादव, लवकुश यादव, तुलेश्वर कुमार, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, चिराग चौधरी, सूरज कुमार, दीपू कुमार शामिल थे।

## एक नजर में

### जनता दरबार में जन समस्याओं से रूबरू हुई उपायुक्त



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और उपायुक्त को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। इस पर उपायुक्त ने जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों के आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड में नाम जोड़ने, अबुआ आवास योजना का लाभ दिलवाने, राशनकार्ड बनवाने, भूमि विवाद आदि से सम्बंधित मामले आये।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित



कोडरमा। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह कार्यक्रम को लेकर लोकाई स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता सह राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.आशीष राज ने छात्राओं के साथ आत्महत्या से जुड़ी सामाजिक, आर्थिक और व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अवसाद्ग्रस्त होता है तो वह चीजों अथवा वर्तमान समय को संकुचित परिपेक्ष्य में देखता है, ऐसे ज्यादातर लोग जिस समय आत्महत्या के लिए सोचते हैं तो कुछ समय बाद जीवित रहने की भी इच्छा रखते हैं, उनका मानना होता है कि वे मरना नही चाहते, बल्कि वे अपनी सिर्फ पीड़ा को मारना चाहते हैं। वहीं डॉ.राज ने छात्राओं को आत्महत्या से पूर्व के लक्षण की पहचान करने और इससे उबरने के तरीकों से सम्बंधित भी विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर सिद्धांत ओहदार, कस्तूरबा की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद थे।

### स्कूली बच्चियों को मिला योजनाओं का लाभ



कोडरमा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ देने के लिए जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा प्रखंड के लोकाई चंदवारा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोकाई पंचायत के विभिन्न गांवों से आकर स्कूली बच्चियों ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और निः शुक्ल साईकिल वितरण योजन का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। उन आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑन-दस्पॉट कई बच्चियों को साईकिल प्रदान किया गया और बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। स्वीकृति पत्र पाकर बच्चियों ने कहा कि इस राशि का प्रयोग अपने पढाई में करूंगी और साईकिल पाने वाली बच्चियों ने कहा कि अब विद्यालय जाने के लिए हमें पैदल नहीं चलना पड़ेगा। वहीं सभी बच्चियों ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जिला प्रशासन को धन्यवाद कहा।

### भू-अर्जन पदाधिकारी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चतरा द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी गयीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, दैनिक मजदूरी का भुगतान, राशन, आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, कन्यादान योजना से संबंधित मामले शामिल हैं। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने एक एक कर मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### ब्लास्टिंग में बोल्डर गिरने से कई बच्चे घायल



टंडवा (चतरा)। आम्रपाली कोल परियोजना के माईन्स में ब्लास्टिंग होने से आसपास के गांवों में बोल्डर के टुकड़े गिरने से खेल रहे बच्चे घायल हो गए। यह घटना आम्रपाली अंतर्गत कुमरांग कला समीप कैलाश गंझू के घर के सामने हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार से माइंस में ब्लास्टिंग होने से बोल्डर का टुकड़ा गिरने से बड़ी घटना की संभावना हो सकती है। जिससे लोगों में डर एवं आम्रपाली प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी है। कैलाश गंझू का कहना है कि इस प्रकार की घटना होना खान सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है और जांच की जाए तो ऐसे कितने लापरवाही सामने आ सकती है, जिससे लोगों की जान भी जा रही है और हमेशा जान जाने की संभावना बनी रहती है।

## दस दिवसीय सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग प्रशिक्षण का आयोजन

- सर्वाइकल कैंसर देश के लिए एक गम्भीर चिंता का विषय है : डॉ.रमण



कोडरमा। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में दस दिवसीय सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थापित सीएचओ और जीएनएम शामिल हुए। वहीं डॉ. रमण कुमार ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर हमारे देश में एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय है, इस रोग से सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि एक आंकड़े के मुताबिक सर्वाइकल कैंसर से प्रतिवर्ष लगभग 1.25 लाख महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। जिसमे से लगभग 70 से 75 हजार महिलाओं की मृत्यु सही समय पर इलाज नही मिल पाने के कारण हो जाती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपलोगों को सर्वाइकल कैंसर की समय पर पहचान करने तथा स्क्रिनिंग के लिए प्रशिक्षित करना है, ताकि इस बीमारी के प्रसार को रोका जा सके और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। समय पर जांच और स्क्रिनिंग से इस बीमारी को शुरुआती चरण में पहचान की जा सकती है।

मौके पर इंदिरा कुमारी, उर्मिला कुमारी, मेरी तमन्ना कुजूर, मेरी पुष्पा कुल्लू, सुमन मिंज, नीतू कुमारी, ओम पुष्पा कुमारी, रेशमा कुमारी, सादिया अजीम, नुसरत प्रवीण आदि मौजूद थे।

# झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ ने प्राचार्य पद सृजन को लेकर आंदोलन का किया आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता

- 12 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने प्राचार्य पद सृजन हेतु सभी जिला कार्यकारिणी, प्रमंडल कार्यकारिणी एवं राज्य कार्यकारिणी समेत राज्य के सभी पीजीटी शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक एवं प्लस टू विद्यालयों में नियुक्त लिपिकों से चरणबद्ध आंदोलन के लिए आह्वान पत्र जारी किया है। श्री ठाकुर ने कहा है कि राज्य में गुणात्मक शिक्षा की सुनिश्चितता एवं सरकारी प्लस टू विद्यालयों के समुचित संचालन हेतु अनिवार्य है कि सभी प्लस टू विद्यालयों में नियमावली के अनुरूप प्राचार्य पद का सृजन तथा नियुक्ति हो। साथ ही संवर्गीय वरीयता को अक्षुण्ण रखने हेतु राज्य में स्थित सभी सरकारी प्लस टू विद्यालयों के संचालन का दायित्व सुसंगत प्रावधानों के तहत वरीय संवर्ग के पीजीटी को दिया जाए। श्री ठाकुर ने याद दिलाया है कि झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, पिछले कई वर्षों से लगातार उक्त दोनों विषयों को जिला कार्यालय से लेकर सचिवालय तक के हर एक मंच पर प्रखरता से रखता आया है, परंतु विडंबनापूर्ण स्थिति है कि विभाग द्वारा इस पर सार्थक एवं धरातलीय कार्रवाई नहीं की जा रही है। नियमावली के अनुरूप प्रचार्य पद सृजन हेतु कई बार फाइल वित्त विभाग को भेजा गया, परंतु हर बार लौटा दी गई। इस संबंध में विधानसभा सदस्यों द्वारा कई बार विधानसभा में प्रश्न भी उठाया गया है, लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अतः बाध्य होकर झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। संघ ने राज्य के सभी पीजीटी शिक्षकों, प्रयोगशाला सहायकों एवं प्लस टू विद्यालयों के लिपिकों से आंदोलन के प्रथम चरण में 12 सितंबर को काला फीता युक्त बैच लगाकर विद्यालय में कार्य करने तथा जिला कार्यालयों में ज्ञापन सौंपने की अपील की है।

राज्य संघ के आह्वान पर झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ कोडरमा के अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव पंकज सिंह, कृष्णकांत तिवारी, अनंत कुमार मिश्रा, धनंजय उपाध्याय, मनोज कुमार, श्वेता यादव, राधिका, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, निरुपमा सिंह, ज्योति कुमारी, अरुण कुमार, विजय कुमार, सनोज यादव, सचिन कुमार ने सभी से शामिल होने की अपील की है।

## मंझगावा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। मंगलवार को मझगांवा पंचायत भवन परिसर में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, विश्व सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान, मुखिया सरिता देवी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम नियोजन, शिक्षा, जेएसएलपीएस, आंगनवाड़ी, सर्वजन पेंशन, स्वास्थ्य विभाग समेत कई स्टॉल लगाए गए। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित करने का निर्देश दिया। शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### बौधाडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार शिविर का आयोजन

# अबुवा आवास व पेंशन को लेकर उमड़ी आवेदकों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



कुंदा (चतरा)। बौधाडीह पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी शिविर का उदघाटन प्रमुख कमला देवी, मुखिया अनिता देवी, सीओ शंभु राम और बीडीओ विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। संचालन मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव ने किया। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुवा आवास, वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन कार्ड, मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन आया। वहीं शिविर में बिजली विभाग, प्रज्ञा केंद्र, जेएसएलपीएस, बाल विकास योजना, जॉब कार्ड, राजस्व विभाग समेत कई विभाग के स्टॉल को बीडीओ, सीओ व जनप्रतिनिधि घूम-घूम कर जायजा लेते रहे। लोगों का जरूरत के अनुसार लाभ दिया गया। इस मौके पर मुखिया अनिता देवी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो। सीओ व बीडीओ ने आगे बताया कि झारखंड सरकार के चार वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिविर लगाया गया है, ताकि गांव के गरीब परिवार के सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना का लाभ ऑन द स्पोर्ट मिल सके। शिविर में आये लोगों से अपील करते हुए सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं जो लोग शिविर में आवेदन नहीं दे सके हैं, ऐसे लोग बाद में भी प्रखंड, अंचल या संबंधित विभाग में आवेदन देकर अपनी मांग रख सकते हैं। उन्होंने धोती, साड़ी, लुंगी व पेंशन, जन्म प्रमाणपत्र का प्रमाणपत्र दिया।

इस मौके पर भाजपा नेता गंदौरी साव, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, बीपीएम सतेंद्र कुमार, बीपीओ महेंद्र कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

# पलामू पुलिस के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में ऑन स्पॉट सुलझे 124 मामले

- सदर अनुमंडल क्षेत्र से काफी संख्या में महिला-पुरूषों ने अपनी शिकायत करायी दर्ज
- 124 समस्याओं का ऑन स्पॉट किया गया समाधान
- पुलिस का जनता से सीधा जुड़ाव का सरल माध्यम है जन शिकायत : आईजी नरेंद्र सिंह

अजिले के सभी अनुमंडल क्षेत्र में जन शिकायत समाधान का आयोजन किया गया : एसपी रीष्मा रमेसन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर पलामू जिले के सभी अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया गया। इसके तहत हुसैनाबाद, छतरपुर, विश्रामपुर, पांकी एवं सदर अनुमंडल स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में जन शिकायत कार्यक्रम गुरूतेग बहादुर मेमोरियल हॉल में किया गया। इसका उद्घाटन पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन, एलार्ड डीसी व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पुलिस ने आवेदन लेने के लिए कई स्टॉल लगाये थे। जबकि महिलाओं के लिए अलग सुरक्षित शिकायत का स्टॉल लगाया गया था। इस कार्यक्रम में सदर अनुमंडल क्षेत्र के पाटन, पंडवा, नावाजयपुर, चैनपुर, सदर थाना, शहर थाना क्षेत्र से काफी संख्या में महिला व पुरूष अपनी समस्याओं के समाधान हेतू आवेदन दिया। साथ ही मौखिक रूप से समस्याएं रखीं। जिस पर आईजी, एसपी व अन्य अधिकारियों ने त्वरित समाधन किया। कुछ की जांच कर समाधान का भरोसा अधिकारियों ने दिया।

**...क्या बोले आइजी :** आईजी नरेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जनता से सीधे तौर पर पुलिस को जोड़ने का एक सरल माध्यम है। इस कार्यक्रम से जनता के बीच पुलिस का विश्वास बढ़ेगा। यह कार्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलानेवाला है। पुलिस अधिकारी जनता को बेवजह परेशान न करें। यदि ऐसा किया गया तो उन अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। एसपी रीष्मा रमेसन ने समाधान कार्यक्रम पर कहा कि पलामू जिले के पांच स्थानों पर कार्यक्रम किया जा रहा है। नौ सितंबर तक 238 आवेदन प्राप्त किये गये थे। जिसमें 124 आवेदनों का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि 211 आवेदन जिले के विभिन्न थानों व 27 आवेदन एसपी कार्यालय तथा ई मेल माध्यम से तीन व व्हाटस अप से 21 आवेदन प्राप्त किये गये। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, माइनिंग, मारपीट, अवैध नशा, महिला उत्पीड़न, चोरी, डकैती समेत विभिन्न मामलों से संबंधित थे। एसपी ने कहा कि बहुत से समस्याओं का समाधान ऑन स्पॉट किया गया। जबकि कुछ मामले की जांच कर समस्या समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि साइबर ठगी मामले में लोग भयभीत न हों इस मामले में कहीं प्राथमिकी दर्ज कराने की जरूरत नहीं है।

### सदर थाना को ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग

गुरू तेग बहादुर मेमोरियल में आयोजित शिकायत समाधान कार्यक्रम में बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने बैरिया स्थित सदर थाना को ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर में सदर थाना होने से ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस को जाने में भी परेशानी होती है। इस पर एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि जल्द ही स्थान चयन कर ग्राम सुआ कौड़िया चियांकी के बीच में ओपी बनाया जायेगा। ताकि लोगों को किसी भी मामले के समाधान में सहूलियत हो।

### चोरी कांड के पीड़ित परिवारों ने मांगा जनसुनवाई निवारण में न्याय

झारखंड के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई निवारण कार्यक्रम में चोरी कांड के पीड़ित परिवारों ने प्रशासन के समक्ष न्याय की गुहार लगायी है। पिछले ढाई माह से एक गिरोह ने झारखंड पुलिस की नाक में दम कर रखा था। लगातार पलामू समेत कई जिलों में घर की खिड़की तोड़कर चोरी की दर्जनों वारदात को अंजाम देकर करोड़ों के जेवरात पर हाथ साफ किया। हालांकि पलामू पुलिस चोर गिरोह का पर्दाफाश में सफल तो हुई परंतु चोरी के करोड़ों के जेवरात जब्त करने में नाकाम रही है। जिसके उपरांत जीवन की गाढ़ी कमाई के चोरी होने से परेशान पीड़ित परिवारों ने पुलिस के हर दरवाजे गुहार लगा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### जय किसान संघ ने की गणेश पूजा

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर बाजार में जय किसान संघ ने गणेश पूजन किया। जय किसान संघ 15 वर्ष से गणपति बप्पा को पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। संघ के अध्यक्ष गिरिवर गुप्ता, विष्णु गुप्ता, सदस्य अलका, बिक्रम, अभिषेक, सुरज, अमन, आकाश, मोहित, रूपेश समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। मौके पर संघ ने भंडारा भी किया। मौके पर भक्तों ने वहां उपस्थित होकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो कि इन दिनों गणेश पूजा को लेकर धूम मची है। गणेश पूजा में गणपति बप्पा मोरेया, मंगल करणी, संकट हरनी, सिद्धि विनायक नमो नमः भक्ति गीत से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है।

### दुर्गा पूजा यज्ञशाला समिति का गठन



**पाटन पलामू।** दुर्गा पूजा को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सदस्यों ने नयी पूजा समिति गठित की। अध्यक्षता राजीव दुबे ने की। सभी सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा (दशहरा) धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया और विषयों पर चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष संतोष शुक्ला, कोषाध्यक्ष- दीपू दुबे, विवेक दुबे, सचिव आलोक दुबे, धीरेंद्र दुबे, संरक्षक संतोष दुबे, मार्गदर्शक बीरेंद्र दुबे, सुरक्षा प्रभारी- राहुल दुबे, बिकी पटेल, मंदीप पटेल, सचिन,बिट्टू, अंकित दुबे का नाम शामिल है। बैठक में सदस्य राजीव दुबे, अनिल दुबे, अमित दुबे, अभय दुबे, अंकित दुबे, गोलू दुबे, मनीष दुबे शामिल थे।

### एके सिंह डिग्री कॉलेज का रास्ता बाधित



**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर पितांबर से मान्यता प्राप्त अनुमंडल में मात्र एकलौता एके सिंह डिग्री कॉलेज जपला में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। इस संबंध में पलामू पुलिस शहर के टाऊन हॉल में जन शिकायत व समाधान जागरूकता कैंप में कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने लिखित शिकायत की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अरुण सिंह पिता नरेश सिंह ग्राम कुसुआ ने कॉलेज जाने के रास्ता में जेसीबी मशीन लगाकर गड्ढा खोद दिया है। जिससे आने जाने में कॉलेज के विद्यार्थियों समेत सभी को परेशानी हो रही है।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव ने की जनसंपर्क यात्रा



**चैनपुर पलामू।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी की जनसंपर्क यात्रा के दौरान चैनपुर प्रखंड के ग्राम मैरा, पुर्नामझिगांवा, बनखेता, पतरिया, एवं भैरवा पहुंचे। उन्होंने लोगों की समस्या सुनी व सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। यात्रा में परमानंद पासवान, सत्यम पासवान, राम रुप महतो, बबलू चौरसिया,अनुज दुबे, आलोक ओझा, कृष्णा चौरसिया, मकसुद अंसारी राजकुमार उनके साथ थे।

### पाटन प्रखंड के सतौआ पैक्स अध्यक्ष के लिए तीन लोगों ने किया नामांकन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सतौआ पैक्स अध्यक्ष के लिए नामांकन सतौआ पैक्स भवन पर पाटन बीसीओ संजय कुमार की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष के लिए नवलेज सिंह, मुकेश सिंह एवं माया देवी ने नामांकन दाखिल किया। वहीं प्रस्ताव उमाशंकर सिंह नवलेज सिंह का बसंत पांडेय माया कुमारी एवं विनय उरांव मुकेश सिंह के बने नामांकन कार्यक्रम में पैक्स सदस्य भी उपस्थित थे। 12 को चुनाव चिह्न मिलेगा। 19 को चुनाव में 216 सदस्य वोट देंगे।

### भगवान श्रीराम के आदर्श को अपने जीवन में उतारें : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विस क्षेत्र के ग्राम पथरिया में आयोजित रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह वरीय झामुमो नेता अविनाश देव ने किया। अविनाश देव ने कहा कि जीवन के मुकाम पाने के पश्चात अपनी आत्मीयता, धैर्य, मानवता और आदर्श को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। हम सभी को प्रभु श्री राम के आदर्श, साहस और मर्यादा से सीख लेना चाहिए। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष राजेश, सचिव सोनू, उप सचिव मुकेश सिंह, दारोगा सिंह, जितेंद्र चौधरी, शिवलाल चौधरी, मोहन सिंह, नाथ चौधरी, बुद्धि सिंह, कृष्णा पांडेय मौजूद थे।

### पलामू सांसद बीडी राम ने प्रशासनिक बैठक में हुए निर्णय का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा पलामू जिला प्रशासनिक बैठक में पूर्व से बारंबार झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन द्वारा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं बस स्टैंड बैरिया चौक स्थानांतरण आदि मांगों पर गुहार लगाने के परिणाम स्वरूप बस स्टैंड को बैरिया स्थानांतरित करने हेतु विभागीय आवश्यक पहल एवं कल के प्रशासनिक बैठक में निर्णय लिए जाने का तहे दिल से झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह लोजपा पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह एवं परिवहन क्षेत्र के तमाम सदस्यों की ओर से सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपना खुशी जाहिर की। साथ ही राकेश सिंह ने कहा कि सांसद द्वारा लिए गए निर्णय जनहित एवं रोजगार हित में है।

# बिना डरे दर्ज करायें शिकायत निश्चित समाधान : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** झारखंड पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम लेस्लीगंज अनुमंडल क्षेत्र के लेस्लीगंज थाना के धावाडीह पंचायत भवन सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा, पांकी पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, अंचल अधिकारी मनातू मदन कुमार सुमन, मुखिया रिंकी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



**दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।**

एसडीपीओ ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए विभाग लगातार पर्यटन सेल है। आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए डीजीपी के निर्देश पर आज जन शिकायत समाधान किया जा रहा है। इस दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित मौखिक शिकायत सुनी जायेगी। समस्या पर जिला के प्रखंड कार्यालय एवं थाना शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम आम नागरिकों के शिकायतों का समाधान होने पर शिकायतकर्ता को जानकारी दी जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि आप अपने आसपास, मोहल्ले में अन्य जगहों पर जिनकी कोई शिकायत है उन्हें निर्धारित स्थानों पर जल्द पहुंचाने के लिए जागरूक करें।

**खास बातें :** लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि आज पूरे पलामू जिला के सभी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के तहत नागरिकों को उनके नजदीकी शिकायत केंद्र पर जाकर अपनी समस्याओं को दर्ज कराने का अवसर है।

### हुसैनाबाद पुलिस ने लगाया जनशिकायत व समाधान कैंप

# ऐसे कार्यक्रम से पुलिस और पब्लिक के संबंध होंगे मजबूत : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य सरकार एवं झारखंड पुलिस ने जनता की शिकायत व समाधान हेतु महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर हुसैनाबाद शहर के टाउन हॉल में अनुमंडल पुलिस के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान जागरूकता अभियान कैंप लगाया गया। जिसकी शुरुआत मंगलवार को भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ आइएस पीयूष सिन्हा, भूमि सुधार उप समाहर्ता गौरांग महतो, एसडीपीओ मुकेश महतो, हैदरनगर सीओ ने एवं हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने किया।



**खास बातें :** मौके पर सभी थाना व ओपी पदाधिकारियों ने अपने वरीय अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं की लिखित शिकायत दर्ज करायी, जिस पर एसडीपीओ मुकेश महतो ने त्वरित कार्यवाही के लिए सबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जनता से अपील की है कि आपकी जो भी शिकायत है वे बेझिझक लिखित शिकायत करें पुलिस उस मामले पर त्वरित कार्यवाही करेगी। आगे उन्होंने कहा कि सरकार व झारखंड पुलिस की यह कार्यक्रम जनहित में महत्त्वपूर्ण साबित होगी और पुलिस को आत्मबल मिलेगा। साथ ही पुलिस व पब्लिक रिलेशन और मजबूत बनेंगे। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि कुल 83 फरियादियों ने अपना मामला की लिखित शिकायत किया है। सबसे गौरतलब बात है कि कैंप में सबसे अधिक 80% मामला भूमि से संबंधित आया है। वहीं अन्य मामला में 20% है जबकि महिला एवं बाल तथा भूत बिसाही संबंधित एक भी मामले नही आया। मौके पर महिला एवं बाल संरक्षण थाना के प्रभारी पार्वती कुमारी, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज तिवारी, देवरी ओपी थाना प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता समेत कई एसआई व पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# केएन त्रिपाठी ने सिंगरा से की विस क्षेत्र में प्रतिज्ञा यात्रा की शुरुआत

- विधानसभा चुनाव में जनता साथ दिया, तो प्रत्येक बूथ से 10 युवाओं को नौकरी देंगे




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने ग्राम सिंगरा से किया। सिंगरा से प्रारंभ होकर सुदना पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी उसके उपरांत यही सिलसिला रोजाना 01 अक्टूबर तक चलेगा और 01 अक्टूबर को इसका समापन शिवाजी मैदान में होगा। इस यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, माताएं-बहनें उपस्थित थीं। मंच का संचालन मधुकर शुक्ला व मुकेश सिंह जी ने किया। कार्यक्रम का शुरूआत शहीद अनुराग शुक्ला के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम कुछ सम्मानित नेताओं ने वक्तव्य रखा। परमदेव सिंह कुशवाहा ने डाल्टनगंज - भंडरिया विधानसभा के अवरूद्ध विकास विकास के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।

# पीड़ित महिला से एसपी ने सुनी समस्या, सदर थाना प्रभारी को त्वरित समाधान का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस द्वारा गुरूतेग बहादुर मेमोरियल हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया गया। इसमें सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पोखराहा निवासी मुन्नी कुंवर ने मारपीट करने व जबरन जमीन कब्जा करने का मामला उठाया। जिसे एसपी ने मंच पर ही बैठकर उसकी बातों को गंभीरता पूर्वक सुनी। साथ ही महिला को लेकर शिकायत काउंटर पर ले जाकर आवेदन जमा कराते हुए सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुन्नी कुंवर ने बताया कि गांव के ही कईला उरांव, बालकिशुन उरांव व अन्य लोगों के द्वारा दो माह पूर्व मेरे साथ मारपीट व जबरदस्ती किया गया। साथ ही जमीन को छोड़ने की चेतावनी दी गयी नहीं तो जान मारने की धमकी उनलोगों के द्वारा दिया गया। इससे हमसभी काफी भयभीत हैं। प्राप्त आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी ने उक्त महिला को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत : मुखिया



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत करसों के लगभग 5, 7 गांव में 14 से 15 हाथियों का झुंड ने मक्का एवं धान का फसल क्षतिग्रस्त किया है। पुराना टोला के किसान रामजन्म यादव, त्रिलोकी यादव, रामजी भुइयां, भूलेश्वर भुइयां, जवाहर यादव, राम लखन यादव समेत कई किसानों का फसल क्षति किया है। ग्राम पंचायत करसो के पूर्व मुखिया शिव प्रसाद यादव ने वन विभाग के स्टाफ को सूचना देते हुए सभी किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की।

### पाटन मंडल के विभिन्न बूथों पर बैठक पर की समीक्षा



**पाटन पलामू।** पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के बिभिन बूथों पर बैठक कर बूथों की समीक्षा की गयी। बैठक में विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, पूनम देवी, शिव कुमार राम, अशोक तिवारी, अशोक सिंह, पुरण सिंह, गणेश सिंह, सभी बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता शामिल थे। कुछ लोग भाजपा में आस्था जाहिर कर भाजपा में शामिल हुए। जिसे विधायक पुष्पा देवी, मनोज कुमार, मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने भाजपा का पट्टा देकर शामिल कराया।

# विजय तारा के रिसॉर्ट में शानदार भजन कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**छतरपुर पलामू।** स्थानीय विजय तारा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र सहित कई इलाकों में पेड़ लगाने का कार्य विगत वर्षों से लगातार उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस वर्ष भी ग्राम उदयगढ़ में ट्रस्ट के निदेशक रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी ने हजारों फलदार और छायादार पौधा ट्रेंच खुदाई कर लगाने में लगे हुए हैं। हालांकि उन्होने इस वर्ष अपने माता तारा देवी की पुण्य तिथि को बड़े ही सादगी के साथ 24 घंटे का रामायण पाठ करा कर भंडारा किया था और आये हुए सभी लोगों को एक एक पौधा अपने हाथों से देकर आग्रह किया कि पौधे को बचाने का कार्य करेंगे। एक पौधा सौ पुत्र के समान होते हैं। विजय तारा के रिसॉर्ट में सोमवार की संध्या बेला में शानदार भजन का आयोजन किया गया।

### जय जवान संघ दुर्गा पूजा समिति गठित

**चैनपुर पलामू।** जय जवान संघ पूर्वडीहा द्वारा आगामी दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चितरंजन दुबे ने की। बैठक में दुर्गा पूजा के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। दुर्गा पूजा को भव्यता से मनाने पर जोर दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा कार्यक्रम सप्तमी के दिन से प्रारंभ होगा। बता दें कि जय जवान संघ पूर्वडीहा समिति के द्वारा हर साल बड़े भव्यता के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाता है जो गांव के अगल-बगल के गांव के लिए भी आकर्षण का केंद्र होता है।

# कांके कला व सुठा पंचायत में शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कांके कला पंचायत एवं सुंठा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कांके कला के मुखिया सरिता देवी, पाटन बीडीओ अमित झा, उपमुखिया सुमित्रा देवी, बीपीआरो अहमद अंसारी ने किया। सुंठा मुखिया रवीना बीबी पाटन बीडीओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। दोनों पंचायतों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाया था, जिसमें आये लोगों ने आवेदन जमा किये। सभी आवेदनों को ऑनलाइन कर प्रकिया के लिए अग्रेषित किया गया। कांके कला शिविर में समाज सेवी एवं मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह ने पाटन बीडीओ एवं उपस्थित सभी अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया।

### विधायक ने चार प्रमुख सड़कों का किया शिलान्यास

- क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हैं संकल्पित : आलोक चौरसिया
- सड़कों का निर्माण आने वाले वर्षों में क्षेत्र के समग्र विकास को गति देगा



**चैनपुर /रामगढ़।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने क्षेत्र के विकास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज कर करोड़ों रूकी लागत से विभिन्न सड़कों के विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय जनता को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि उनका लक्ष्य हर गांव और हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उनके इस प्रयास से इलाके के आर्थिक विकास को बल मिलेगा, क्योंकि बेहतर सड़कें व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को आसान बनाती हैं। विधायक ने चैनपुर और उसके आसपास के कई महत्वपूर्ण सड़कों के विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया।

# धावाडीह में पांकी अनुमंडल पुलिस ने लगाया समाधान शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** पांकी अनुमंडल अंतर्गत पड़ने वाले लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धावाडीह पंचायत सचिवालय में मंगलवार को समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल तथा पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के कुशल नेतृत्व में समस्या से पीड़ित लोगों का शिविर के माध्यम से समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे भारतवर्ष में पहली बार इस अनूठी कार्यक्रम के जरिए लोगों से संवाद करके उनसे आवेदन लेकर त्वरित करवाई की जा रही है। संचालन करते हुए पांकी पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो ने बताया कि पुलिस से संबंधित कार्य का निष्पादन किया जा रहा है ताकि पुलिस और पब्लिक का रिलेशन मजबूत हो सके। धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव ने पुलिस की पहल की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में न्याय मिलने की आस जग जाती है। शिविर में जमीन विवाद के अलावे लड़का लड़की के शादी के बाद छोड़ने का विवाद के अलावा कई तरह के मामले समस्या समाधान शिविर में पंजीकृत किया गया। मौके पर एसआई विक्रम सिंह, संतोष गुप्ता, स्वाति गुप्ता, अजय कुमार सभी पुलिस पदाधिकारी के अलावा लाल बिहारी प्रसाद लक्ष्मण यादव, राजेश मिश्रा, रेवारातू की पूर्व मुखिया मालों देवी, बुधन मोची, लखन प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, रामनेवाज साव, राजेंद्र दास समेत सैकड़ों फरियादी और ग्रामीण जनता कार्यक्रम में मौजूद थे।



**समस्या समाधान शिविर में उपस्थित लोग।**

# खेल में बेहतर प्रदर्शन कर पलामू का नाम रौशन करें खिलाड़ी : सोनू सिंह नामधारी

- पलामू गतका संघ ने किया नेशनल खिलाड़ियों को सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित नामधारी गुरुद्वारा में खिलाड़ी सम्मान समारोह किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष गुरवीर सिंह, प्रदीप नारायण, बबलू चावला, मन्नत बग्गा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सहसचिव दीपेंद्र सिंह एवं अमरेश कुमार ने पुष्प देकर अतिथियों का स्वागत किया। वहीं खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए जिलाध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि 8वां नेशनल गतका चैंपियनशिप में पलामू जिला से 27 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर झारखंड की झोली में 7 मेडल दिये हैं। इन तमाम खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं आप इसी तरह निरंतर मेहनत करते रहे और झारखंड एवं पलामू जिले का नाम रौशन करते रहें। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुरवीर सिंह ने कहा कि पंजाब जैसे विकसित राज्य में जाकर पंजाब का पारंपरिक खेल गतका में मेडल जीतना यह बहुत बड़ी खुशी की बात है। खिलाड़ी इसी प्रकार मेहनत का पलामू गतका का संघ सदैव आपके साथ है। मौके पर उपाध्यक्ष प्रदीप नारायण, जिला सचिव सुमित बर्मन ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मानित हुए खिलाड़ियों में आर्यन पांडेय, अतुल सिंह, रिशु राज दांगी, प्रियांशु कुमार, अनामिका मेहता, चांदनी कुमारी, पीहू कुमारी का नाम शामिल है।




**खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।**

